आवश्यक सूचना

सेना भर्ती कार्यालय बरेली

"अग्निवीर बन देश सेवा के लिए युवाओं का सुनहरा मौका"

1. अग्निवीर भर्ती : पंजीकरण करने की अंतीम तीथी 10 अप्रैल 2026 तक बढ़ाई गई है एवं लिखित परीक्षा जून 2026 में होगी।

2. भारतीय सेना में Recruiting Year 2027 की अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया शुरु हो चुकी है जिसकी पुरी जानकारी (पद, शैक्षणिक योग्यता एवं आयु) सेना की वैबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है।

3. अभ्यार्थियों की मांग को देखते हुए इस बार सरकार ने अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष से बढ़ाकर 22 वर्ष तक कर दी है। भर्ती के लिए अब 17.5 वर्ष से 22 वर्ष की आयु वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। यह भर्ती जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन और अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस के पदों लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है। नर्सिंग सहायक (एनए/ एनए वेट) के लिए अधिकतम आयु 23 वर्ष और सिपाही फार्मा के लिए 25 वर्ष तक निर्धारित की गई है। सभी वर्गो के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपए तय किया गया है। अभ्यार्थियों को एक फार्म में दो दो पदों के लिए आवेदन का मौका मिलेगा, यानी इस बार दो पदों के लिए अभ्यार्थी एक साथ अप्लाई कर सकेंगे।

4. सेना भर्ती कार्यालय, बरेली के अन्तर्गत आने वाले 12 जिलों (बहराइच, बलरामपुर, बरेली, बदायूं, फरुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, लखीमपुर, पीलीभीत, संभल, शाहजहाँपुर, श्रावस्ती और सीतापुर) के इच्छुक उम्मीदवारों से अपील की जाती है कि वे अपना पंजिकरण दिनांक 10 अप्रैल 2026 से पहले भारतीय सेना की वैबसाइट www.joinindianarmy.nic.in पर ऑनलाइन कर दें।

5. अग्निवीर भर्ती जानकारी के लिए या पंजीकरण करने में असुविधा होने पर सहायता के लिए सेना भर्ती कार्यालय, बरेली में प्रातः 0830 बजे से शाम 1800 बजे के बीच सम्पर्क कर सकते है।

कार्यालय, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली

पृष्ठांकन संख्या- क्षे.का.ब./....43......../2026-2027, **दिनांक- 04/4/26**

प्रतिलिपि— प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबंधक/निदेशक/सचिव/अध्यक्ष, समस्त संबंधित राजकीय एवं सहायता प्राप्त अशासकीय महाविद्यालय तथा स्ववित्तपोषित महाविद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान, बरेली की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी
बरेली ।

कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, फरीदपुर, बरेली।

महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र–छात्राओं को सूच्य है कि उपरोक्त पत्र के अनुपालनार्थ इच्छुक छात्र–छात्रा निर्धारित वैबसाइट पर पंजीकरण कर अग्निवीर भर्ती में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

06/04/2026

प्रो0 (डॉ0) पूनम सक्सेना
का0 प्राचार्या
राजकीय महाविद्यालय,
फरीदपुर, बरेली।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
फरीदपुर (बरेली)

Scanned with CamScanner